भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2238**

12 दिसम्बर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष संस्थानों की डिजिटल तैयारी**

2238**.** श्री हनुमान बेनीवाल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अब तक आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) प्लेटफॉर्म से जुड़े आयुष अस्पतालों, कलीनिकों और पंजीकृत चिकित्सकों की संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने आयुष संस्थानों की डिजिटल तैयारी का आकलन किया है और एबीडीएम के अंतर्गत उन्हें शामिल करने के लिए मंत्रालय को कोई व्यवस्थागत सुधार का सुझाव दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) नागौर और डीडवाना-कुचामन जैसे जिलों, जहां ग्रामीण आयुष पर काफी निर्भर हैं, को किसी डिजिटल स्वास्थ्य प्रायोगिक या आउटरीच कार्यक्रम में शामिल किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) आयुष डॉक्टरों को एबीडीएम में भाग लेने के लिए आवश्यक डिजिटल बुनियादी ढांचे और तकनीकी सहायता से प्रशिक्षित और सुसज्जित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): अब तक आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) प्लेटफॉर्म से जुड़े आयुष अस्पतालों, क्लीनिकों और पंजीकृत चिकित्सकों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **संलग्नक-I** और **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

(ख)**:** आयुष ग्रिड पहल के तहत, आयुष मंत्रालय ने, आयुष सुविधाओं को अपनाने के लिए, आयुष अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एएचएमआईएस) सहित कई डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं। एएचएमआईएस आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) का अनुपालन करता है और मानकीकृत निदान, सेवा प्रदायगी और डेटा प्रबंधन का समर्थन करता है। आयुष ग्रिड एएचएमआईएस पर चरणबद्ध ऑनबोर्डिंग के दौरान आयुष सुविधाओं की डिजिटल तैयारी का आकलन करता है। जिसके अनुपालन में स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री (एचएफआर) और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर रजिस्ट्री (एचपीआर) में प्रविष्टियों के सृजन के माध्यम से एबीडीएम पारिस्थितिकी तंत्र पर सुविधाओं को पंजीकृत किया गया है।

(ग): दिनांक 8 दिसंबर, 2025 की स्थिति के अनुसार, नागौर और डिडवाना-कुचामन जिलों में सृजित एबीएचए (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता), एचएफआर (स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री), और एचपीआर (स्वास्थ्य सेवा पेशेवर रजिस्ट्री) का विवरण निम्नलिखित है:

| जिले का नाम | एबीएचए | पंजीकृत स्वास्थ्य सुविधाएं | पंजीकृत स्वास्थ्य पेशेवर |
|---|---|---|---|
| नागौर | 27,20,000 | 774 | 1,620 |
| डिडवाना-कुचामन | 5,60,000 | 1,249 | 1,482 |

(घ): आयुष ग्रिड पहल के तहत, आयुष मंत्रालय आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) में भाग लेने के लिए आयुष डॉक्टरों को आवश्यक डिजिटल बुनियादी ढांचे और तकनीकी क्षमताओं से मजबूत करने के लिए चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यह प्रक्रिया राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के सहयोग से आयोजित आभासी सत्रों के साथ शुरू होती है, जिसमें तकनीकी अभिविन्यास, प्रक्रियात्मक मार्गदर्शन और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर रजिस्ट्री (एचपीआर) और स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री (एचएफआर) आईडी बनाने की सुविधा पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसके बाद, संबंधित हितधारकों को एबीडीएम-अनुरूप ए-एचएमआईएस सिस्टम पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जो डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों को प्रभावी ढंग से अपनाने और उपयोग करने के लिए उनकी तत्परता को सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, एबीडीएम आयुष चिकित्सा पद्धति सहित स्वास्थ्य देखभाल हितधारकों में जागरूकता और क्षमता निर्माण को सक्रिय रूप से बढ़ावा देता है।

*****

संलग्नक-I

## स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या

| क्र.सं. | राज्य | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 34 | 5 | - | 2 | 1 | 8 | 50 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | - | 26 | 58 | 54 | 315 | 112 | 565 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | 80 | 30 | 94 | 8 | 212 |
| 4 | असम | - | - | 272 | 33 | 419 | 1100 | 1824 |
| 5 | बिहार | - | - | 235 | 62 | 224 | 525 | 1046 |
| 6 | चंडीगढ़ | 45 | 41 | - | 12 | 60 | 172 | 330 |
| 7 | छतीसगढ़ | - | 1 | 1817 | 35 | 331 | 257 | 2441 |
| 8 | दिल्ली | - | - | 118 | 34 | 74 | 178 | 404 |
| 9 | गोवा | - | - | 98 | 10 | 117 | 118 | 343 |
| 10 | गुजरात | - | - | 712 | 309 | 1201 | 399 | 2621 |
| 11 | हरियाणा | - | - | 179 | 80 | 192 | 214 | 665 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | - | - | 709 | 22 | 97 | 106 | 934 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | - | - | 477 | 301 | 364 | 544 | 1686 |
| 14 | झारखंड | - | - | 62 | 17 | 222 | 172 | 473 |
| 15 | कर्नाटक | - | - | 5150 | 294 | 1398 | 984 | 7826 |
| 16 | केरल | - | - | 2326 | 53 | 31 | 59 | 2469 |
| 17 | लद्दाख | 29 | - | 2 | 5 | 15 | 2 | 53 |
| 18 | लक्षद्वीप | 7 | - | - | - | 9 | 14 | 30 |
| 19 | मध्य प्रदेश | - | - | 948 | 232 | 801 | 218 | 2199 |
| 20 | महाराष्ट्र | - | - | 2749 | 389 | 2655 | 2705 | 8498 |
| 21 | मणिपुर | - | - |  | 35 | 37 | 45 | 117 |
| 22 | मेघालय | - | - | 60 | 4 | 7 | 23 | 94 |
| 23 | मिजोरम | - | - | 5 | 41 | 18 | 4 | 68 |
| 24 | नागालैंड | - | - | 14 | 5 | 97 | 18 | 134 |
| 25 | ओडिशा | - | - | - | 2 | 5 | 645 | 652 |
| 26 | पुद्दुचेरी | 62 | 13 | - | 2 | 5 | 4 | 86 |
| 27 | पंजाब | - | - | 115 | 263 | 668 | 177 | 1223 |
| 28 | राजस्थान | - | - | - | 5 | 4992 | 1027 | 6024 |
| 29 | सिक्किम | - | - | 10 | - | 4 | 6 | 20 |
| 30 | तमिलनाडु | - | - | 1 | 6 | 836 | 144 | 987 |
| 31 | तेलंगाना | - | - | 161 | 65 | 210 | 115 | 551 |
| 32 | दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव | 83 | - | 38 | 26 | 15 | 30 | 192 |
| 33 | त्रिपुरा | - | - | 20 | 68 | 384 | 326 | 798 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | - | - | 77 | 541 | 3993 | 1982 | 6593 |
| 35 | उत्तराखंड | - | - | 92 | 37 | 909 | 561 | 1599 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | - | - | 413 | 22 | 15 | 36 | 486 |

संलग्नक-II

**स्वास्थ्य सेवा पेशेवर रजिस्ट्री के तहत स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 34 | 7 | 8 | 4 | 5 | 12 | 70 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | - | - | 27 | 26 | 576 | 165 | 794 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | 40 | 76 | 69 | 43 | 228 |
| 4 | असम | - | - | 1 | 438 | 570 | 201 | 1210 |
| 5 | बिहार | - | - | 1109 | 826 | 820 | 1147 | 3902 |
| 6 | चंडीगढ़ | 10 | 12 | 16 | 21 | 59 | 32 | 150 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | - | - | 33 | 122 | 1169 | 795 | 2119 |
| 8 | दिल्ली | - | - | 44 | 328 | 244 | 591 | 1207 |
| 9 | गोवा | - | - | 150 | 30 | 292 | 99 | 571 |
| 10 | गुजरात | - | 1 | 285 | 1056 | 1820 | 1106 | 4268 |
| 11 | हरियाणा | - | - | 27 | 95 | 1268 | 1409 | 2799 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | - | - | 64 | 360 | 290 | 299 | 1013 |
| 13 | जम्मू-कश्मीर | - | - | 909 | 587 | 353 | 288 | 2137 |
| 14 | झारखंड | - | - | 49 | 187 | 174 | 193 | 603 |
| 15 | कर्नाटक | - | - | 279 | 2975 | 2838 | 1327 | 7419 |
| 16 | केरल | - | - | 2647 | 572 | 903 | 761 | 4883 |
| 17 | लद्दाख | 10 | 4 | 3 | 10 | 9 | 3 | 39 |
| 18 | लक्षद्वीप | 6 | 1 | 7 | 1 | 5 | 6 | 26 |
| 19 | मध्य प्रदेश | - | - | 189 | 248 | 1620 | 505 | 2562 |
| 20 | महाराष्ट्र | - | - | 1118 | 2969 | 8174 | 7077 | 19338 |
| 21 | मणिपुर | - | - | - | 69 | 71 | 22 | 162 |
| 22 | मेघालय | - | - | 39 | 39 | 63 | 80 | 221 |
| 23 | मिजोरम | - | - | 10 | 65 | 69 | 7 | 151 |
| 24 | नागालैंड | - | - | - | 6 | 54 | 32 | 92 |
| 25 | ओडिशा | 1 | - | 3 | 5 | 16 | 10 | 35 |
| 26 | पुद्दुचेरी | 50 | 2 | 25 | 7 | 9 | 8 | 101 |
| 27 | पंजाब | - | - | 105 | 1177 | 601 | 602 | 2485 |
| 28 | राजस्थान | - | - | 4 | 156 | 505 | 669 | 1334 |
| 29 | सिक्किम | - | - | 9 | 4 | 9 | 4 | 26 |
| 30 | तमिलनाडु | - | - | 58 | 55 | 466 | 240 | 819 |
| 31 | तेलंगाना | - | - | 5 | 216 | 225 | 93 | 539 |
| 32 | दादरा व नागर हवेली और दमन व दीव | 26 | 2 | 28 | 11 | 19 | 38 | 124 |
| 33 | त्रिपुरा | - | - | - | 11 | 596 | 60 | 667 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | - | - | 86 | 1144 | 4520 | 4431 | 10181 |
| 35 | उत्तराखंड | - | - | 38 | 256 | 641 | 316 | 1251 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | - | - | 1 | 41 | 57 | 167 | 266 |